जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रोफेसर ने नेशनल मास्टर्स इक्विप्ड एंड क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 में दो स्वर्ण पदक जीते

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एंड स्पोर्ट्स विभाग के निदेशक प्रो (डॉ.) औरंगजेब खुर्रम हाफिज ने दिनांक 22 से 26 जुलाई, 2024 तक मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित नेशनल मास्टर्स इक्विप्ड एंड क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 में 105 किलोग्राम बॉडी क्लास एम 2 श्रेणी में बेंचप्रेस और डेडलिफ्ट स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते । डॉ. हाफिज जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी केंद्र में प्रोफेसर हैं।

अपने प्रदर्शन से उत्साहित प्रो हाफिज ने कहा कि भारोत्तोलन बचपन से ही उनका जुनून रहा है और उनका आदर्श वाक्य है "स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन।" उन्होंने इससे पहले भी पावरलिफ्टिंग में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं।

अकादमिक मोर्चे पर प्रो हाफिज के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 100 से अधिक शोध प्रकाशित हैं और वे कई पीएचडी शोधार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया